मर्ग | जहरीले जंतु के काटने से मौत की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

# खेत में मिला झारखंड के युवक का शव



**अनूपपुर, नवभारत 20 जनवरी।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मझटोलिया गांव में अडानी पावर कंपनी के समीप एक खेत में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय पिंटू राजवार निवासी ग्राम कुदरम, झारखंड के रूप में हुई है। वह अडानी पावर कंपनी में ठेकेदारी के तहत मजदूरी करता था और सोमवार दोपहर से लापता था।

जानकारी के अनुसार पिंटू राजवार शापूर्जी कंपनी के माध्यम से अडानी पावर प्लांट में कार्यरत था। सहकर्मियों ने बताया कि सोमवार दोपहर अचानक वह लापता हो गया था, जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार सुबह उसका शव मझटोलिया गांव के एक खेत में पड़ा मिला, जो प्लांट से करीब 100 मीटर की दूरी पर है।

### किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए

सूचना मिलने पर बिजुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या गला दबाने के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे फिलहाल हत्या की आशंका से इनकार किया जा रहा है।

### कलाई और अंगूठे के पास गहरे निशान मिले

पुलिस के अनुसार मृतक के दाहिने हाथ की कलाई और अंगूठे के पास गहरे निशान मिले हैं, जिससे किसी जहरीले जंतु के काटने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। शव की अकड़न को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत सोमवार दोपहर से रात के बीच हुई होगी।

### मृतक शराब पीने का आदी था

जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, पुलिस ठेकेदारों और कंपनी कर्मचारियों से भी पूछताछ कर मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



# सूने मकान से लाखों के जेवरात चोरी

▶ सीसीटीवी में कैद हुए तीन संदिग्ध

**अनूपपुर, नवभारत 20 जनवरी।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बदरा में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें तीन संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना एमएन सिंह पेट्रोल पंप के मालिक संग्राम सिंह के घर पर हुई। संग्राम सिंह अपने परिवार के साथ इलाज के लिए नागपुर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके बंद मकान को निशाना बनाया। पेट्रोल पंप में कार्यरत नरेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि 20 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे संग्राम सिंह का फोन आया, जिसमें उन्होंने सीसीटीवी फुटेज में 19 व 20 जनवरी की रात करीब 1 से 3 बजे के बीच संदिग्धों की आवाजाही दिखाई देने की जानकारी दी। चोरी की आशंका के बाद नरेंद्र अवस्थी अपने पड़ोसी शिव पूजन गुप्ता और उनकी पत्नी अंजली गुप्ता के साथ मौके पर पहुंचे।

### अलमारियां और बेड का सामान बिखरा पड़ा था

मौके पर घर के मुख्य गेट का ताला व कुंदा टूटा मिला, वहीं अंदर कमरों की अलमारियां और बेड का सामान बिखरा पड़ा था, जिससे स्पष्ट था कि चोरों ने घर को पूरी तरह खंगाल दिया है। प्राथमिक जांच में नकदी, सोने-चांदी के जेवरात एवं अन्य कीमती सामान चोरी होने की पुष्टि हुई है। भालूमाड़ा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दिव्यांग को मौके पर मिली ट्रायसाईकिल

जनसुनवाई में मानवीय पहल



**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला प्रशासन ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए दिव्यांग इरफान खान को तत्काल ट्रायसाईकिल उपलब्ध कराई। अनूपपुर नगर निवासी तरन्नुम बेगम ने अपने दिव्यांग पुत्र इरफान को आवागमन एवं रोजमर्रा के कार्यों में हो रही कठिनाइयों के समाधान हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए दृष्टिकोण अपनाया और मौके पर उपस्थित उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को आवश्यक जानकारी व दस्तावेज प्राप्त कर तत्काल ट्रायसाईकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निर्देशों के परिपालन में कुछ ही समय में इरफान को ट्रायसाईकिल सौंप दी गई।

### इरफान ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने इरफान को आश्वस्त किया कि यह ट्रायसाईकिल उनके दैनिक जीवन में सहायक सिद्ध होगी। ट्रायसाईकिल प्राप्त होने पर तरन्नुम बेगम और उनके पुत्र इरफान खान ने जिला प्रशासन एवं कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विशेष शिविर आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के स्व-सहायता भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 890 आवेदन प्रकरणों में से 350 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की प्राप्ति के बाद निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। शिविर में बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने भी शिविर में सहभागिता की और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों से संवाद करते हुए बैंकर्स तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अनुशासन व अभ्यास के साथ आगे बढ़े : मरकाम

संकल्प महाविद्यालय में खेलकूद का समापन



**अनूपपुर, नवभारत 20 जनवरी।** संकल्प महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया।

खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालक ने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सकारात्मक सोच का विकास करती हैं।

### विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ स्पर्धाओं में भाग लिया

प्रथम दिवस पर कबड्डी, रस्साकशी, ऊंची कूद, पोटैटो रेस एवं दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था की गई थी। द्वितीय दिवस में खो-खो, चेयर रेस एवं शतरंज सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ भाग लिया। दो दिनों तक चले इस आयोजन ने महाविद्यालय परिसर को उत्साह और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा से सराबोर कर दिया।

## एक नजर में

### एसएसआर स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**जमुना कतमा नवभारत 20 जनवरी।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, सुरक्षा और आधुनिकता के साथ संस्कारों का समन्वय प्रस्तुत करते हुए एसएसआर इंटरनेशनल स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह संस्थान न केवल आधुनिक डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि यहां भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों का भी अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। विद्यालय परिसर में स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाएं विशेष आकर्षण का केंद्र हैं, जिनके निर्माण में देश के विभिन्न पवित्र स्थलों की मिट्टी का उपयोग किया गया है। स्कूल का उद्घाटन 23 जनवरी को मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्य कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्रि सिंह तथा विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहुलाल सिंह उपस्थित रहेंगे।

### अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी

विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक शैक्षणिक, तकनीकी एवं सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अभिभावकों के लिए लाइव सीसीटीवी कैमरा सुविधा उपलब्ध है, जिससे वे किसी भी समय बच्चों की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं। साथ ही सभी स्कूल बसों में जीपीआरएस सिस्टम लगाया गया है, ताकि विद्यार्थियों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और ट्रैक योग्य बनी रहे।

### 28 को नि:शुल्क जन्मजात हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर

**अनूपपुर, नवभारत 20 जनवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सहयोगी संस्था नारायणा हृदयालय लिमिटेड, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में 28 जनवरी को विशेष नि:शुल्क जन्मजात हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर जिला चिकित्सालय अनूपपुर के नवीन भवन स्थित कक्ष क्रमांक-9 में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है।, जो जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित हैं तथा अब तक उपचार से वंचित रहे हैं।

# निम्हा, सेमरा व पकरिहा ने दर्ज की शानदार जीत



▶ मंत्री प्रीमियर लीग के तीसरे दिन रोमांच चरम पर

**कोतमा, नवभारत 20 जनवरी।** खेल और उत्साह के महाकुंभ मंत्री प्रीमियर लीग (एमपीएल) के तीसरे दिन गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम वार्ड क्रमांक 13 कोतमा में खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। एक के बाद एक हुए संघर्षपूर्ण मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहला मुकाबला राजनगर ग्रामीण मंडल की टीमों सोही बेल्हा और निम्हा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निम्हा ने निर्धारित ओवरों में 107 रन बनाए। अंकित ने 40 रन की पारी खेली। सोही बेल्हा की ओर से हीरा सिंह ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए सोही बेल्हा की टीम कड़े संघर्ष के बावजूद 105 रन ही बना सकी और मुकाबला 2 रन से हार गई।

### सेमरा ने बड़े लक्ष्य को किया हासिल

दूसरा मैच राजनगर मंडल की टीम सेमरा और राजनगर वार्ड क्रमांक 8 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनगर वार्ड 8 ने 155 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में सेमरा के बल्लेबाजों ने शानदार तालमेल और संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को निर्धारित ओवरों में हासिल कर जीत अपने नाम की।

### भास्कर की तूफानी पारी

तीसरा और अंतिम मुकाबला कोतमा वार्ड क्रमांक 6 और पकरिहा के बीच 8-8 ओवरों का खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 6 कोतमा ने 78 रन बनाए और पकरिहा को 79 रनों का लक्ष्य दिया। पकरिहा की ओर से भास्कर ने मात्र 11 गेंदों में 30 रन की तूफानी पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिलाई। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर पंजीयन व चयन शिविर 22 से

**अनूपपुर, नवभारत 20 जनवरी।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस (इंडिया) लिमिटेड द्वारा सुरक्षा जवान के 545 तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के 15 पदों पर भर्ती हेतु पंजीयन एवं चयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 जनवरी से 4 फरवरी तक जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 जनवरी को थाना रामनगर, 23 जनवरी को थाना भालूमाड़ा, 24 जनवरी को थाना बिजुरी, 27 जनवरी को चौकी फुनगा, 28 जनवरी को थाना जैतहरी, 29 जनवरी को थाना कोतमा, 30 जनवरी को थाना अमरकंटक, 31 जनवरी को थाना राजेन्द्रग्राम, 1 फरवरी को थाना करनपठार, 2 फरवरी को थाना कोतवाली अनूपपुर तथा 4 फरवरी 2026 को एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर परसवार (अनूपपुर) में शिविर आयोजित किया जाएगा। सभी शिविर प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे।

## आदिवासी और पिछड़े वर्ग के घर-घर संपर्क पर जोर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के तत्वाधान में गांधी भवन टाउन हॉल में जबलपुर संभागीय समागम बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि ब्लॉक और जिला स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे ।



# ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर बनाए : श्याम

▶ फोटो क्रमांक 08ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास पखवाड़े के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, जनजागरूकता एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि विकसित भारत की नींव ग्रामों के विकास पर आधारित है। जब तक गांवों का समुचित विकास नहीं होगा, तब तक देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समाज के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाकर ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

### विकास कार्यों में सहभागिता बढ़ाई जाए : सिंह

जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब ग्रामों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक कर विकास कार्यों में सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के प्रोफेसर डॉ. कुंज बिहारी मिश्रा ने भी विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास को सामाजिक उत्थान का आधार बताया।

# स्थानीय युवाओं को रोजगार में दी जाए प्राथमिकता

भगवा पार्टी ने ओरिएंट पेपर मिल व सोडा फैक्ट्री प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर, नवभारत 20 जनवरी।** शहडोल-अनूपपुर सीमा पर स्थित प्रमुख उद्योग ओरिएंट पेपर मिल एवं सोडा फैक्ट्री में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने की मांग को लेकर भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने मिल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है।

भगवा पार्टी के जिला महासचिव वरुण चटर्जी ने बताया कि ओरिएंट पेपर मिल की स्थापना के दौरान क्षेत्र के कई स्थानीय परिवारों की भूमि अधिग्रहित की गई थी। उस समय औद्योगिक विकास के साथ रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। शुरुआती दौर में कुछ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिला, लेकिन जिन परिवारों की आजीविका पीढ़ियों से कृषि पर आधारित थी, उनकी जमीन जाने के बाद रोजगार केवल एक पीढ़ी तक ही सीमित रह गया।

### बाहरी क्षेत्रों के लोगों को दिया जा रहा रोजगार

उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा, जैसे गैस रिसाव या प्रदूषण की स्थिति में, उसका सीधा असर स्थानीय लोगों को ही झेलना पड़ता है। ज्ञापन पत्र में उल्लेख किया गया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में योग्य और सक्षम स्थानीय युवा बेरोजगार हैं, जबकि उद्योग में बाहरी क्षेत्रों से आए लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। इससे स्थानीय युवाओं में असंतोष और उपेक्षा की भावना लगातार बढ़ रही है।

### योग्यता के अनुरूप अवसर दिया जाए

भगवा पार्टी का कहना है कि यदि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और अनुभव के अनुरूप रोजगार के अवसर दिए जाते हैं, तो इससे सामाजिक संतुलन मजबूत होगा और उद्योग तथा स्थानीय समाज के बीच विश्वास भी बढ़ेगा। पार्टी ने मांग की है कि उद्योग के आसपास निवासरत बरगवां अमलाई नगर परिषद एवं बकही क्षेत्र के स्थानीय निवासियों, विशेषकर बेरोजगार युवाओं, को उपलब्ध पदों पर प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए।

जनसुनवाई | जनसुनवाई में 42 आवेदनों पर हुई सुनवाई, 18 माह के वेतन के लिए भटक रहा वन चौकीदार

# गर्भवती महिला, दिव्यांग, किसान और चौकीदार ने मांगा न्याय



**अनूपपुर, नवभारत।** जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कई गंभीर मामले सामने आए। नसबंदी ऑपरेशन फेल होने से परेशान महिला, मुआवजे से वंचित दिव्यांग किसान और 18 माह के वेतन के लिए भटकते वन चौकीदार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। जनसुनवाई में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए।

कोतमा तहसील के थानगांव निवासी 27 वर्षीय चांदनी केवट ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी ऑपरेशन कराया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफल ऑपरेशन का प्रमाण पत्र दिए जाने के बावजूद तीन वर्ष बाद वह गर्भवती हो गईं। पीड़िता ने इसे डॉक्टरों की लापरवाही बताते हुए मानसिक व आर्थिक क्षति का मुआवजा मांगा।

### अधिग्रहित 7 एकड़ भूमि का नहीं मिला मुआवजा

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम रक्सा के दिव्यांग किसान रामदीन राठौर ने आरोप लगाया कि पावर प्लांट के लिए उनकी करीब 7 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिला। किसान ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वह अधिग्रहित भूमि पर दोबारा खेती शुरू करेगा। कंपनी की ओर से पारिवारिक विवाद को कारण बताया गया है। कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वन चौकीदार बाबूलाल सिंह ने आरोप लगाया कि तत्कालीन बीट गार्ड द्वारा उनका 18 माह का वेतन हड़प लिया गया, लेकिन दो वर्ष बाद भी भुगतान नहीं हुआ। पीड़ित ने शीघ्र न्याय की मांग की।

### किसान क्रेडिट कार्ड नहीं मिलने शिकायत

जनसुनवाई के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और भूमि मुआवजा से जुड़े आवेदनों पर भी सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।